# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची

# माध्यमिक शिक्षा में गुणवत्त सुधार हेतु प्रस्तावित कार्यक्रम

# वर्ग नवम एवं वर्ग दशम के लिये

## I : पाठ्यक्रम

- पाठ्यक्रम का **Focus Subject-**

  (गणित, विज्ञान, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान)

- पाठ्यक्रम को 12 महीनों में विभाजित कर, हर महीने का पाठ्यक्रम अपने निर्धारित अवधि में सम्पन्न करना।

- महीने का पाठ्यक्रम पूरा हो जाने के उपरान्त उसी महीने के अंतिम सप्ताह में निर्धारित तिथि को 45 मिनट की जाँच परीक्षा लेना।

## II : परीक्षा का प्रारुप (पूर्णांक 25)

- Objective - 5 प्रश्न, प्रत्येक प्रश्न का अंक 1 होगा। JAC प्रश्नपत्र प्रारुप / Model Question आधारित।
- लघु उत्तरीय प्रश्न (पाँच पंक्तियों में उत्तर)– 2 प्रश्न, प्रत्येक प्रश्न 5 अंकों के होंगे।
- दीर्घ–उत्तरीय प्रश्न (दस पंक्तियों में उत्तर)– 1 प्रश्न, 10 अंकों का होगा।

# परीक्षा की प्राथमिकताएँ

- परीक्षा की कॉपी जाँचोंपरान्त 40 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को महीने के 2/3 **Saturday** को विद्यालय संचालन अवधि में **Remedial Class** संचालित किया जायेगा, जिसकी अवधि 45 मिनट की होगी।
- अगले महीने की परीक्षा में अगर कोई छात्र 40 प्रतिशत से अधिक प्राप्तांक लाते हैं तब वे **Remedial Class** में भाग नहीं लेंगे। 40 प्रतिशत से कम अंक लाने वाले छात्र **Remedial Class** में सम्मिलित होगें।

- परीक्षा हेतु सभी छात्र/छात्राओं से उनका नाम एवं वर्ग लिखा हुआ 192 पृष्ठों की पुस्तिका वर्ग शिक्षक/विषय शिक्षक प्राप्त करेंगें एवं उसका संधारण भी वर्ग शिक्षक/विषय शिक्षक के द्वारा किया जायेगा।
- छात्रों द्वारा जमा किये गये पुस्तिका में ही सभी मासिक परीक्षाएँ ली जायेंगी।
- सम्बन्धित विषय के अध्यापक के द्वारा पूरे महीने में पढ़ाये गये पाठ्यक्रम से प्रश्न पत्र तैयार किया जायेगा। परीक्षा की तिथि को तैयार प्रश्न को **Black Board** पर अंकित किया जायेगा।

# III : Exam Schedule

- मासिक परीक्षा : माह जून के अन्तिम सप्ताह के सोमवार को।
- मासिक परीक्षा : माह जुलाई के अन्तिम सप्ताह के सोमवार को।
- प्रथम सावधिक परीक्षा : माह सितम्बर के अन्तिम सप्ताह में सोमवार से शुक्रवार तक।
- मासिक परीक्षा : माह अक्टूबर के अन्तिम सप्ताह के सोमवार को।
- प्री-बोर्ड (Pre-Board) परीक्षा : नवम्बर माह के प्रथम सप्ताह में।
- द्वितीय सावधिक परीक्षा : दिसम्बर माह के तृतीय सप्ताह में।

❖ उपर्युक्त निर्धारित दिवस/सप्ताह में अवकाश की स्थिति में अगले कार्य दिवस में परीक्षा आयोजित की जायेगी।

# IV : Parents Teachers Meeting

- यह बैठक विद्यालय प्रांगण मे हर तीसरे महीने आयोजित की जायेगी। जून/सितम्बर/दिसम्बर के अंतिम शनिवार को आयोजित करने की तिथि सुनिश्चित की जाती है।

- निर्धारित बैठक तिथि के कार्य दिवस न होने पर अगले कार्य दिवस पर बैठक आयोजित की जायेगी।
- विद्यालय द्वारा अभिभावकों को उनके बच्चों की उपस्थिति एवं उनके शैक्षणिक स्तर से अवगत कराया जायेगा।

# V : शैक्षणिक गतिविधियों की समय-सारिणी

एक सप्ताह में कुल 45 घंटियाँ होंगी। प्रत्येक घंटी की अवधि (प्रार्थना एवं मध्यान्तर सहित)।

| घंटी | अवधि | कुल मिनट |
|---|---|---|
| प्रार्थना सभा | 8:00 बजे से 8:25 बजे तक | 25 मिनट |
| प्रथम घंटी | 8:30 बजे से 9:15 बजे तक | 45 मिनट |
| द्वितीय घंटी | 9:15 बजे से 9:55 बजे तक | 40 मिनट |
| तृतीय घंटी | 9:55 बजे से 10:35 बजे तक | 40 मिनट |
| चतुर्थ घंटी | 10:35 बजे से 11:15 बजे तक | 40 मिनट |
| मध्यान्तर | 11:15 बजे से 11:35 बजे तक | 20 मिनट |
| पंचम घंटी | 11:35 बजे से 12:15 बजे तक | 40 मिनट |
| छठी घंटी | 12:15 बजे से 12:50 बजे तक | 35 मिनट |
| सप्तमी घंटी | 12:50 बजे से 1:25 बजे तक | 35 मिनट |
| आठवीं घंटी | 1:25 बजे से 2:00 बजे तक | 35 मिनट |

(विषयवार शिक्षकों की उपलब्धता एवं विद्यालय की परिस्थिति के आलोक में निर्धारण योग्य)

- सप्ताह के प्रत्येक दिन पहली घंटी में गणित।
- सप्ताह के प्रत्येक दिन दूसरी घंटी में विज्ञान।
- सप्ताह के प्रत्येक दिन तीसरी घंटी में अंग्रेजी।
- सप्ताह के प्रत्येक दिन चतुर्थ घंटी में सामाजिक विज्ञान।
- सप्ताह के प्रत्येक दिन पांचवीं घंटी से आठवीं घंटी तक अन्य विषय हिन्दी/संस्कृत/उर्दू/बंगला/स्थानीय भाषा आदि)।
- प्रत्येक मंगलवार एवं बुधवार को दशम वर्ग के लिये विज्ञान विषयों की प्रायोगिक कक्षाएँ संचालित की जायेंगी।
- प्रत्येक शुक्रवार को नवम वर्ग के लिए विज्ञान विषयों की प्रायोगिक कक्षाएँ संचालित की जायेंगी।
- सामान्यतया सप्तम एवं अष्टम घंटियों में और शनिवार को चतुर्थ एवं पंचम घंटियों में पर्यावरण शिक्षा/कला शिक्षा/शारीरिक शिक्षा/स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं पोषण/सामूहिक व्यायाम/सांस्कृतिक कार्यक्रम/उड़ान आदि के वर्ग/समूह कार्य।

# VI : विद्यालय स्तरीय आंतरिक मूल्यांकन के आधार (पूर्णांक-20 (4X5=20))

(1) विद्यालय में वर्गोपस्थिति/छात्रोपस्थिति – (पूर्णांक–05)

| मानक | प्राप्तांक |
|---|---|
| 80% - 100% | 05 |
| 60% - 80% | 04 |
| 50% - 60% | 03 |
| 40% - 50% | 02 |
| 30% - 40% | 01 |

(2) मासिक/सावधिक परीक्षाओं के परीक्षाफल/प्राप्तांक – (पूर्णांक–05)

| मानक | प्राप्तांक |
|---|---|
| 80% - 100% | 05 |
| 60% - 80% | 04 |
| 50% - 60% | 03 |
| 40% - 50% | 02 |
| 30% - 40% | 01 |

(3) विषयवार प्रोजेक्ट वर्क/शोधकार्य/सर्वेक्षण कार्य – (पूर्णांक–05)

| मानक | प्राप्तांक |
|---|---|
| 05 Project | 05 |
| 04 Project | 04 |
| 03 Project | 03 |
| 02 Project | 02 |
| 01 Project | 01 |

(4) शैक्षणिक/सहगामी क्रियाशीलनों में प्रतिभागिता एवं उपलब्धियाँ – (पूर्णांक–05)

| मानक | प्राप्तांक |
|---|---|
| 05 कार्यक्रम | 05 |
| 04 कार्यक्रम | 04 |
| 03 कार्यक्रम | 03 |
| 02 कार्यक्रम | 02 |
| 01 कार्यक्रम | 01 |

विज्ञान विषय में प्रायोगिक परीक्षाओं के अंक पूर्ववत् निदेशित पद्धति से ही प्रदेय होंगे।

# VII : माध्यमिक शिक्षा में गुणात्मक सुधार हेतु प्रस्तावित मुख्य प्रयास

| क्रम सं0 | मुख्य प्रयास |
|---|---|
| 1 | विद्यालय के कमजोर छात्रों को चिह्नित कर उनके लिए विशेष कोंचिग कक्षाएँ एवं रिमेडिएल कक्षाओं का संचालन। |
| 2 | प्री बोर्ड परीक्षा के बाद भी दशम वर्ग के छात्र–छात्राओं की कक्षाएँ जारी रखना। |
| 3 | प्रधानाध्यापकों की प्रत्येक मासिक बैठक में परीक्षाफल उन्नयन हेतु किए जा रहे उपायों की प्रस्तुती एवं समीक्षा। |
| 4 | विद्यालयों में मासिक जाँच परीक्षा, सावधिक परीक्षा, प्री–बोर्ड परीक्षा एवं शिक्षक–अभिभावक गोष्ठी अनिवार्य। |
| 5 | नियमित एवं स्वतंत्र कोटि के छात्रों के प्री–बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण होने के उपरान्त ही परीक्षा फार्म भरने का निर्देश। |

| क्रम सं0 | मुख्य प्रयास |
|---|---|
| 6 | शिक्षक–छात्रों की टैगिंग एवं छात्रों की उत्तीर्णता के लिए शिक्षकों की जिम्मेदारी सुनिश्चित करना। |
| 7 | विषयवार एवं शिक्षकवार परीक्षाफल का मूल्यांकन एवं परीक्षाफल सुधार हेतु निर्देशों का अनुपालन। |
| 8 | विभिन्न स्तरों पर छात्रों एवं शिक्षकों का उचित सम्मान। |
| 9 | विभाग द्वारा नियमित अनुश्रवण एवं प्रगत्यात्मक दिशा निर्देश का सतत् अनुपालन। |
| 10 | विद्यालय स्तर एवं जिला स्तर पर सम्पादित उपर्युक्त विषयक गतिविधियों का आँकड़ा एवं Audio-Visual System आधारित Documentation को परिषद् के ई–मेल आई0डी0 jacschooldata@gmail.com पर भेजना आवश्यक होगा। |

# धन्यवाद